# भीलवाड़ा में गोलीबारी में एक युवक की मौत, भीड़ ने हॉस्पिटल में तोड़फोड़ की


## प्रशासन ने 48 घंटे के लिए नेट बंद किया, माहौल बिगड़ने पर शहर में हर जगह पुलिस जाब्ता तैनात

**भीलवाड़ा, (निस)।** शहर के कोतवाली थाना इलाके में गुरुवार को दिनदहाड़े गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई। दो युवकों पर 4 राउंड फायर किए गए थे। अचानक हुई फायरिंग से चौराहे से निकल रहे लोग डर गए और बचने के लिए इधर-उधर छुप गए। गोली मारकर बदमाश भाग गए। माहौल बिगड़ने पर शहर में हर जगह पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। बदमाशों की तलाश में नाकाबंदी की गई है। वही प्रशासन ने 48 घंटे के लिए नेट बंद भी कर दिया है। मामले को मई महीने में हुए आदर्श तापड़िया हत्याकांड से जोड़ा जा रहा है। हालांकि अभी तक पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नही की है।

एएसपी जयेष्ठा मैत्रेयी ने बताया कि रूकमद्दीन उर्फ टोनी और इब्राहिम पठान उर्फ भूरा नाम के दो युवक बड़ला चौराहे से हरणी महादेव की तरफ जा रहे थे। इस दौरान दो बाइक पर चार बदमाश आए और दोनों को घेर लिया। इसके बाद लगातार गोली चलाने लगे। एक गोली इब्राहिम पठान उर्फ भूरा के लगने पर मौके पर ही मौत हो गई। वहीं टोनी घायल हो गया। आस-पास के लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही बदमाश भाग गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचाया। इस मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्ध को हिरासत में भी लिया गया है। युवक की मौत के बाद उसके परिजनों और अन्य लोगों ने हॉस्पिटल में हंगामा खड़ा कर दिया। गुस्से में भीड़ ने हॉस्पिटल मे तोड़फोड शुरू कर दी। पुलिस जाब्ता हॉस्पिटल पहुंचा और भीड़ को खदेड़ा। गोलीबारी के बाद भीलवाड़ा में तनाव का माहौल हो गया है। शहर में हर तरफ पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। हमलावरों की तलाश में नाकाबंदी भी की गई है। इधर, प्रशासन ने अगले 48 घंटों तक नेटबंदी कर दी है। इसको लेकर संभागीय आयुक्त ने आदेश जारी कर दिए है।

एसपी आदर्श सिद्धू का कहना है कि पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है। घायल का इलाज चल रहा है। सीओ सीटी नरेंद्र दायमा, सीओ ग्ररमीण रामचंद्र चौधरी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे लगातार समझाइश के प्रयास कर रहे हैं। वही दूसरी और इस मामले को मई माह में हुए आदर्श तापड़िया हत्याकांड से जोड़कर देखा जा रहा है। भीलवाड़ा में 10 मई की रात को कोतवाली थाना इलाके के शास्त्री नगर में आदर्श तापड़िया स्कूटी पर जा रहा था। इस दौरान बाइक पर सवार दो युवकों ने उसे रोका और उसके सीने में चाकू मार दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। आदर्श ही हत्या के बाद शहर में तनाव की स्थिति हो गई थी। उसे दौरान लोग सड़कों पर उतर आए थे और तनाव के निपटने के लिए प्रशासन ने जिले में नेटबंदी भी कर दी थी। हालांकि, पुलिस अभी इस मामले में आधिकारिक पुष्टि नही कर रही है, लेकिन सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है की आदर्श हत्याकांड में संदेह के घेरे में चल रहे इब्राहिम और टोनी दोनो से भाई के खून का बदला लेने के लिए आदर्श के भाई मयंक तापड़िया ने ही हमला किया है।

वहीं दूसरी और इस मामले में मुस्लिम सद्भाव कमेटी ने मृतक के आश्रितों को 50 लाख का मुआवजा घायल के परिवार को 10 लाख की आर्थिक सहायता के साथ ही हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी और षडयंत्र रचने वाले षड्यंत्र कार्यों को बेनकाब करने की मांग की है। देर रात तक एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर लगातार मुस्लिम समाज का प्रदर्शन जारी रहा।


भीलवाड़ा में तनाव के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मोर्चा संभाला।

- मामले को आदर्श तापड़िया हत्याकांड से जोड़ा जा रहा है, पुलिस ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की
- गोली मारकर बदमाश भाग गए, बदमाशों की तलाश में पुलिस ने नाकाबंदी की

# एक लाख की रिश्वत लेते नगर परिषद आयुक्त गिरफ्तार

## परिषद आयुक्त जोधाराम विश्नोई ने एक महीने पहले ही कार्यभार संभाला था

**बालोतरा, (कासं)।** जोधपुर एसीबी टीम ने गुरुवार को एक लाख की रिश्वत लेते नगर परिषद आयुक्त जोधाराम विश्नोई को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जोधाराम विश्नोई ने एक महीने पहले ही बालोतरा में नगर परिषद आयुक्त का कार्यभार संभाला था।

बालोतरा में गुरुवार को जोधपुर एसीबी टीम ने ट्रैप की कार्रवाई की। जिसमें नगर परिषद आयुक्त जोधाराम विश्नोई को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी कार्रवाई की जानकारी मिलने पर आयुक्त के आवास पर बडी संख्या में लोगों की भीड एकत्रित हुई। इसके बाद सुरक्षा के लिए बालोतरा पुलिस टीम तैनात की गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे परिवादी की शिकायत पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टीम जिला परिषद आयुक्त के आवास पर पहुंची।

टीम ने रिश्वत लेते आरोपी जोधाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया। साथ ही उनके कब्जे से 1 लाख रुपए बरामद किए। फिलहाल टीम ने अभी तक इस संबंध में जानकारी नहीं दी है। सूत्रों के अनुसार नगर परिषद आयुक्त ने पट्टे देने की एवज में परिवादी से पैसे लिए थे। बताया गया कि कॉमर्शियल पट्टे के मामले में आरोपी जोधाराम विश्नोई ने रिश्वत की मांग की थी।

इस पर परिवादी ने एसीबी में शिकायत दी। शिकायत की पुष्टि कर को टीम ने कार्रवाई की। बता दें कि जोधाराम विश्नोई ने 1 महीने पहले ही बालोतरा में नगर परिषद आयुक्त का कार्यभार संभाला था। इससे पहले भी विश्नोई बाडमेर में 1 हजार 468 फर्जी पट्टा प्रकरण मामले में लंबे समय तक फरार रहे थे। जानकारी के अनुसार विश्नोई को एक बार निलंबित भी किया गया था।


बालोतरा नगर परिषद आयुक्त को जोधपुर एसीबी टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

# दो भाइयों में जमीनी विवाद में कार को लगाई आग


लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के गुलगांव में आपसी विवाद में जीप में आग लगा दी।


**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के गुलगांव में दो सगे भाई जोरावर सिंह व नरपत सिंह के बीच चल रहे जमीनी विवाद मामले में तहसीलदार के आदेशों पर गिरदावर व पटवारी के साथ खेत में रिकार्ड जांच के दौरान जोरावर के भाई नरपत सिंह व उसके बेटों के साथ आये लोगों ने जोरावर व उसके सीरी से मारपीट कर जीप को आग लगा दी। इससे जीप व जीप में रखा राजस्व रिकॉर्ड जलकर राख हो गया।

पीड़ित जोरावर सिंह ने बताया कि तहसीलदार के आदेशों पर हल्का गिरदावर अक्षय शर्मा व पटवारी प्रवीण कुमार के साथ वो अपने खेत पर रिकार्ड जांच कर रहे थे तथा उसका सीरी हंसराज बैरवा खेतों मे जुताई कर रहा था। इसी दौरान उसके भाई व भतीजों सहित अन्य लोग कार व मोटरसाईकिल पर सवार हो खेत पर पहुंच गाली-गलोच कर मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान हमलावरों ने मौके पर खडी जोरावर सिंह की जीप को आग लगा दी। जीप में लगी आग से जीप व उसमे रखा गिरदावर पटवारी का राजस्व रिकार्ड भी जलकर राख हो गया। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची लाम्बाहरिसिंह पुलिस ने घायल जोरावर व उसके सीरी हंसराज बैरवा को मालपुरा अस्पताल पहुंचाया। मेडिकल के बाद हंसराज बैरवा ने थाने मे एक दर्जन लोगो के विरूद्ध मामला दर्ज करवाया है। तो वही गिरदावर व पटवारी ने भी जीप मे रखे राजस्व रिकार्ड जल जाने का प्रार्थना पत्र सौंपा।

हंसराज व गिरदावर पटवारी की और से दी रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले मे थानाधिकारी ने बताया कि पांच दिन पूर्व दोनो भाईयो मे हुए विवाद पर 13 जनो को पाबंद किया गया था। दोनो पक्षो के बीच विवाद के स्थाई समाधान के लिए रिसिवर नियुक्ति के लिए इस्तगासा दायर किया गया है। मामले की जांच डीवाईएसपी सुशील मान कर रहे है।

- कार और राजस्व रिकॉर्ड राख

# सांभर में खराब सड़कें और टूटी नालियों से लोग परेशान


सांभर के गौरव पथ पर पिछले 6 माह से गहरे गड्ढे दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं।

**सांभरझील, (निसं)।** पर्यटक नगरी का दर्जा प्राप्त सांभर उपखंड मुख्यालय के प्रमुख रास्ते वाहन चालकों व राहगीरों के लिए बेहद कठिन साबित हो रहे हैं। विगत 20 दशकों में पालिका प्रशासन की ओर से लाखों रुपए खर्च कर सीसी सडकें बनाई जा चुकी हैं लेकिन देखने में प्राय: आया है कि जब भी सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती है तो उन्हें ठीक करवाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते हैं। सडकों की खस्ताहाल व्यवस्था को दुरुस्त करवाने के लिए जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी निष्क्रिय बनी हुई है। टूटी फूटी सडकों से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए यह सफर आसान नहीं है। इसकी वजह से अनेक दफा दुर्घटना के मामले भी सामने आते हैं लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग अपनी आंख मूंदे बैठा है। इसके अलावा सडक को क्रॉस करती नालियां सबसे ज्यादा लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है।

नवीन अदालत भवनों की ओर जाने वाला गौरव पथ पर विगत 6 माह से एक तरफ बालू रेत की चादर सी बिछी हुई है। यहां प्रवेश करते ही दो गहरे गड्ढे हैं, पास ही जलदाय विभाग की पेयजल लाइन लीकेज होने से सड़क पर पानी जमा होने से सडक और ज्यादा खराब हो गई है। इसके अलावा सीता सागर जाने वाला मार्ग पर सांभर साल्ट के फाटक को क्रॉस करने के दौरान टूटी नालियां व क्षतिग्रस्त सडक, पुरानी कोतवाली से लेकर पांच बत्ती चौराहे तक जाने वाले अनेक जगहों पर गड्ढे, न्यू मार्केट साल्ट फाटक से लेकर पांच बत्ती चौराहा तक अनेक जगहों पर टूटी सीसी सडक, सिंधी बाजार जाने वाला मार्ग भी सबसे ज्यादा खराब है।

इसके अलावा अनेक मौहलों में बनी सडकों को क्रॉस करती नालियां इतनी खतरनाक स्थिति में है कि कोई भी वाहन आसानी से नहीं निकल सकता है। जिम्मेदार लोग इस मामले में पूरी तरह से चुप्पी साधे बैठे हैं जिसकी वजह से आम जनता को इस समस्या का सामना करना पड रहा है।

- पालिका प्रशासन की पैचवर्क कार्यों के प्रति लापरवाही

# स्कूल में टॉयगन ले जाने पर चार बच्चे सस्पेंड

**पाली, (निसं)।** जन्मदिन पर मामा ने ड्रेस लाने के लिए रुपए दिए तो भांजा टॉयगेन ले आया। पापा से डांट के डर से बैग में डालकर स्कूल ले गया। दोस्तों को दिखाने के चक्कर में एक टीचर ने उसे पकड़ लिया। प्रिंसिपल तक मामला पहुंचा तो चार स्टूडेंट को 7 दिन के लिए संस्पेड कर दिया गया। पुलिस ने बच्चों के माता-पिता को हिदायत देकर छोड़ा।

मामला पाली शहर के पुलिस लाइन के पास महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल का है। टीचर को क्लास 6 के एक स्टूडेंट के पास टॉय गन होने की जानकारी मिली थी। बच्चे के बैग की तलाशी कर गन को लिया गया। टॉय गन बिल्कुल ऑरिजनल गन जैसी दिख रही थी। टीचर ने प्रिंसिपल गजेन्द्र दवे को इस बारे में बताया। इसके बाद बच्चे से पूछताछ की गई। बच्चे ने बताया कि 9 क्लास में पढ्ने वाले उसके दोस्त ने बैग में रखने के लिए दी थी।

9 क्लास के स्टूडेंट ने बताया कि उसके बर्थ-डे पर मामा ने 1500 रुपए ड्रेस लाने के लिए दिए थे। बाजार गया तो उसे एक टॉय गन पसंद आ गई। खेलने की इच्छा के चलते 1500 रुपए में टॉय गेन खरीद ली। पापा की डांट से बचने के लिए बैग में डालकर स्कूल लेकर आ गया। दोस्तों को दिखाने पर टीचर तक बात पहुंच गई। स्टूडेंट बोला कि, गन उसने चोरी नहीं की।

स्कूल प्रिंसिपल गजेन्द्र दवे ने बताया कि मामले में चार स्टूडेंट के नाम सामने आए। चारों के परिजनों को स्कूल बुलाया गया और उन्हें बच्चों की हरकत के बारे में बताया गया। इस तरह की चीजे स्टूडेंट स्कूल में लाएंगे तो यहां का माहौल खराब होगा। टॉय गन 9वीं कक्षा के स्टूडेंट के परिजनों को सौंपी गई। प्रिंसिपल ने मामले में चार स्टूडेंट को 7 दिन के लिए स्कूल से संस्पेड कर दिया है। मौके पर पुलिस को भी बुलाया गया।

## श्रमिक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार सवेरे प्रतापनगर थाना क्षेत्र देबारी घाटे में ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे मे कुचला जाने से बाइक चालक ओरडी निवासी निरूत्तम पुत्र भेरूलाल धनकर की मौत हो गई। निरूत्तम मजदूरी करता था एवं बाइक पर घर से उदयपुर की तरफ जा रहा था।जहां बीच रास्ते पिछे से आए ट्रेलर ने उसे कुचल दिया।

# दहेज प्रताड़ना के केस में पति को सजा

**जोधपुर, (कासं)।** फलोदी के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 1 तरूणकांत तिवाड़ी ने दहेज प्रताड़ना के एक मुकदमे में दोषी पति को विभिन्न धाराओं में साढे तीन साल की सजा और जुर्माने से दंडित किया। फलोदी निवासी इंदिरा ने 7 अगस्त 2012 को परिवाद पेश कर पति पर दहेज के तंग परेशान और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया था।

परिवाद के अनुसार उसकी शादी वर्ष 2005 में नई बस्ती मथानिया निवासी मुरली उर्फ मुरलीधर पुत्र रामूराम के साथ हुई थी। कुछ समय ठीक गुजरने के बाद पति ने उसे दहेज के तंग परेशान और मारपीट करना शुरू कर दिया। इसी बीच उसके बेटा भी हुआ। पति ने उसका स्त्रीधन छीन लिया और बेच कर शराब पी गया। एक दिन पति ने इंदिरा से मारपीट कर घर से निकाल दिया, जिसके बाद 3 अगस्त 2012 को वह अपने पिता के घर आ गई। 5 अगस्त 2012 को पति मुरली शराब पीकर अपने ताऊ के लडक्रों के साथ आया और उसके पिता व माता के साथ मारपीट की। उसके परिवाद पर पुलस थाना में 498 ए व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ।

अपराध सिद्ध होने पर मजिस्ट्रेट ने धारा 498 ए में एक साल साधारण कारावास एवं 5 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना अदा नहीं करने पर 5 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 323 में 6 माह, धारा 506 में एक साल और धारा 406 में एक साल साधारण कारावास की सजा से दंडित किया। परिवादी की ओर से एडवोकेट भूपेन्द्र भार्गव ने पैरवी की।

# ठेकेदार ने डेढ़ साल बाद भी नहीं लगाए खेजड़ी के पौधे

**हनुमानगढ़, (निसं)।** कोर्ट परिसर में एससी-एसटी कोर्ट व पारिवारिक कोर्ट के भवन निर्माण करने के लिए काटे गए 250 पेड़ों के बदले पेड़ नहीं लगाने पर पर्यावरण प्रेमियों ने आक्रोश जताया है।

जिला कोर्ट परिसर में कोर्ट भवन के निर्माण के लिए कॉन्ट्रेक्टर की ओर से बिना अनुमति खेजड़ी के करीब 250 पेड़ काटने को लेकर पैदा हुए विवाद के बाद हुए समझौते के करीब डेढ़ साल बाद भी कॉन्ट्रेक्टर की ओर से खेजड़ी के पेड़ नहीं लगाए गए। तब तय हुआ था कि कॉन्ट्रेक्टर की ओर से खेजड़ी के 250 पौधे मय ट्री गार्ड लगाए जाएंगे। कंपनी से 250 पौधे लगवाने की मांग को लेकर गुरुवार को अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा ने जिला एवं सेशन न्यायाधीश और उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में शामिल एडवोकेट रामकुमार बिश्नोई ने बताया कि जिला कोर्ट परिसर में एससी-एसटी कोर्ट व पारिवारिक कोर्ट के भवन निर्माण करने के समय जून 2021 में कॉन्ट्रेक्टर की ओर से यहां बिना स्वीकृति के अवैध रूप से राज्य वृक्ष खेजड़ी पेड़ काटे गए थे। उस समय जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो और तत्कालीन कलेक्टर नथमल डिडेल की ओर से मध्यस्थता कर कंस्ट्रक्शन कंपनी और वृक्ष प्रेमियों के मध्य समझौता करवाया गया।

समझौते के अनुसार उस समय निर्माण करने वाली फर्म सिद्धू कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से 30 जून 2021 को लिखित अनुबंध किया गया था कि निर्माण करने वाली फर्म खेजड़ी के 250 पौधे स्वयं के खर्च पर कोर्ट परिसर में मय ट्री गार्ड लगाएगी और दो वर्ष तक इनकी देखभाल करेगी। बिश्नोई ने बताया कि अनुबंध के तहत पेड़ों की सार-सम्भाल करना तो दूर कम्पनी की ओर से खेजड़ी का एक भी पेड़ नहीं लगाया गया है जो अनुबंध का उलूंघन है। रामकुमार बिश्नोई ने बताया कि शनिवार को नवनिर्मित कोर्ट भवन का लोकार्पण राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधिपति मनोज गर्ग की ओर से किया जाना है। बिश्नोई ने बताया कि काटे खेजड़ी के पेड़ों के स्थान पर बिश्नोई समाज एवं वृक्ष प्रेमियों की ओर से शनिवार को वृक्षों की आत्मिक शांति के लिए विरोध स्वरूप हवन कर विरोध प्रकट करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान ओम बिश्नोई, राजेश बिश्नोई, जूडो कोच विनीत बिश्नोई, विक्रमजीत बिश्नोई, जयपाल गोदारा, विकास झोरड़, कमलदीप चहल, मनदीप सिंह, बृजमोहन, ओम बिश्नोई आदि मौजूद थे।

- भवन निर्माण के लिए 250 पौधे काटे थे

## शराब से भरी कार जब्त, एक गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान छह लाख रूपये की अवैध शराब से भरी कार जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान खेरवाड़ा थानाधिकारी साबिर खान के नेतृत्व में गठित दल ने खेरवाड़ा हाइवे होटल भाग्योदय के सामने नाकाबंदी की।इस दौरान आई कार को रोका चालक से मोतीसिंह पुत्र जुगतसिंह निवासी मीठडा बाडमेर था। पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर तलाशी ली तो उसमें छह लाख रूपये मूल्य की हरियाणा निर्मित अवैध शराब पाई गई। इस पर पुलिस ने शराब से भरी कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

वहीं टीडी थाना पुलिस ने तीन लाख रूपये की अवैध शराब से भरी कार जब्त की। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान टीडी थानाधिकारी कमलेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने थाने के सामने आइवे पर नाकाबंदी का तो चालक नाकाबंदी तोड़ भागने लगा। पुलिस द्वारा पीछा करने पर चालक सेरा की तरफ जंगल में कार छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर अवैध शराब से भरी कार जब्त की। कार में करीब तीन लाख रूपये की अवैध शराब के 54 कर्टन भरे थे।

# पावटा सहित आसपास के क्षेत्र में डेंगू का खतरा बढ़ा

## अस्पतालों में बुखार के मरीजों की भारी भीड़


पावटा अस्पताल में भर्ती मरीज।

**पावटा, (निसं)।** इन दिनों बुखार के मरीजों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हो रहा है। प्राइवेट से लेकर सरकारी अस्पतालों तक मरीजों की लाइन लगी हुई है। पावटा सहित आसपास के क्षेत्र में भी डेंगू के लगातार मरीज मिल रहे हैं। सरकारी आंकड़ा भले ही ज्यादा मरीजों की पुष्टि न करता हो लेकिन प्राइवेट लैबों में हो रही जांचों में डेंगू की पुष्टि हो रही है।

ठंड शुरु हो चुकी है लेकिन दिन में तापमान बढ़ा हुआ रहता है। इसके चलते सर्दी, जुकाम, बुखार के मरीजों में बहुत ज्यादा इजाफा हो गया है। वहीं खतरनाक डेंगू भी तेजी से पांव पसार रहा है। गुरूवार तक के सरकारी आंकडे की बात करें तो डेंगू व वायरल के मरीज ज्यादा हैं। जिनका इलाज जारी है। पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस के वर्मा, अशोक जाट, पावटा गुप्ता हॉस्पिटल से डॉ.रवि गुप्ता, अंजलि गुप्ता ने बताया कि इस समय मौसम के बदलाव के चलते सर्दी, जुकाम बुखार के मरीज बढे हुए हैं। वायरल संक्रमण के चलते बुखार के मरीजों की संख्या ज्यादा है। उन्होंने बताया कि डेंगू मलेरिया से बचाव के लिए घर के नजदीक पानी का जमाव न होने पाए, साफ सफाई का ध्यान रखें।

डॉ. अशोक जाट व प्राईवेट गुप्ता हॉस्पिटल डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि डेंगू के प्रमुख लक्षणों की बात करें तो भूख कम लगना, ठंड लगकर बुखार आना, सिर और आंखों में दर्द होना, शरीर और जोडों में दर्द होना पेट के निचले हिस्से में दर्द होना, जी मिचलाना उल्टी दस्त आना, गंभीर स्थिति में आंख और नाक से खून आना, शरीर में लाल निशान, चक्कते और खुजली होना। यदि इनमें से कोई लक्षण हैं तो तुरन्त जांच कराकर इलाज शुरू कर देना चाहिए।

# 'ब्रुसेलोसिस रोग' से ग्रसित एक दिन में चार रोगी मिले

**बीकानेर, (कासं)।** डेंगू- मलेरिया प्रकोप के बीच अब जानवरों से इंसानों में फैलने वाली बीमारी ब्रुसेलोसिस का डर भी सताने लगा है। पीबीएम हॉस्पिटल में पिछले 24 घंटे में बुखार पीड़ित पांच रोगियों की जांच में से चार में इस बीमारी की पुष्टि हुई है। इनमें से दो की हालत खराब होने के कारण भर्ती रखा गया है। रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को भेजी गई है जहां से उन इलाकों में स्क्रीनिंग की जाएगी जहां रोगी रिपोर्ट हुए हैं।

तेज बुखार, बदन में दर्द, सांस लेने में तकलीफ के रोगियों का कई दिनों तक इलाज होने के बाद भी जब फर्क नहीं आया तो ब्रुसेलोसिस की आशंका में जांच करवाई गई है। मेडिकल कॉलेज की लैब में पांच सैंपल की जांच की गई इनमें से चार में ब्रुसेलोसिस की पुष्टि हुई है। इनमें से दो भर्ती हैं। पशु रोग विशेष डा.नरेश शर्मा के मुताबिक, संक्रमित जानवर के आस-पास लंबे समय तक रहने, उसका कच्चा दूध पीने, कच्चा मांस खाने के साथ ही पशु के प्रसव के दौरान सावधानी-सतर्कता नहीं रखने से भी यह बीमारी जानवरों से इंसानों में फैलने का खतरा रहता है। नेशनल एनिमल डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम (एनएडीसीपी) में वैक्सीनेशन के लिए ब्रुसेलोसिस को भी शामिल किया गया है। ब्रुसेलोसिस के टीके भी फ्री लगाने का आदेश सरकार ने दिया है। इसके लिए वर्ष 2019 से 2024 तक पांच साल के लिए 13343 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

- दो भर्ती, लक्षण- बुखार, बदन दर्द, सांस में तकलीफ